सचिव सस्पेंड, सरपंच व उपयंत्री को नोटिस

जिला पंचायत सीईओ का बड़ा एक्शन, ग्राम पंचायत पर मनमानी पूर्ण तरीके से कार्य कराने का आरोप

नवभारत इम्पैक्ट

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जुलाई। कठदहा पंचायत के ध्वस्त चेक डैम के मामले में सीईओ देवसर के जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सीईओ जगदीश गोमे आईएएस ने बड़ा एक्शन लिया है। सचिव को निलंबित करते हुये सरपंच एवं उपयंत्री को शोकाज नोटिस जारी कर हड़कंप मचा दिया है। यह कार्रवाई नवभारत में प्रकाशित खबर पर जांच उपरांत की गई है।

दरअसल ग्राम पंचायत के कठदहा में 15वें वित्त मद से घघिया नाला में चेक डैम का निर्माण कार्य हाल ही में ग्राम पंचायत के द्वारा लाखों रूपये के लागत से कराया गया था, किंतु ग्रामीणों का आरोप है कि गुणवत्ता विहीन चेक डैम पहली बारिश में ही ढह गया। नवभारत ने पहली बारिश में बह गया लाखों का चेक डैम। निर्माण की हकीकत नामक शीर्षक खबर 9 जून को प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया। जहां जपं के प्रभारी सीईओ सूरज मिश्रा ने उपयंत्री के साथ कार्यस्थल का निरीक्षण किया। इसमें जो भी दोषी होगा, उसपर कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी माना है कि चेक डैम किसी योग्य नही रह गया है। उधर 16 लाख की स्वीकृति चेक डैम में करीब 4 लाख 8 हजार रूपये भुगतान आहरित बिना उपयंत्री के मूल्यांकन के कर लिया गया। जिला पंचायत सीईओ ने इसे वित्तीय अनियमितता मानते हुये सरपंच एवं सचिव को दोषी माना है। सीईओ के इस कार्रवाई से कथित भ्रष्टाचारों की धड़कने बढ़ गई हैं।

उपयंत्री एवं सरपंच को भी नोटिस, 13 को मांगा जवाब

जिला पंचायत सिंगरौली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमे आईएएस ने कठदहा पंचायत के चेक डैम के मामले को काफी गंभीरता से लिया है। जनपद पंचायत के देवसर के सीईओ सूरज मिश्रा ने पारदर्शिता के साथ जांच प्रतिवेदन खबर प्रकाशन के करीब 12 घंटे के अंदर ही जिला पंचायत सीईओ सौप दिया। सीईओ जिला पंचायत ने इस मामले में कठदहा पंचायत के सचिव बिहारीलाल साकेत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है, वहीं सरंपच दिलशरण सिंह को म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया है। साथ ही जनपद पंचायत देवसर के उपयंत्री सतीश पटेल को मनरेगा प्रावधानों के अंतर्गत संविदा समाप्ति का भी नोटिस जारी कर 13 जुलाई को जिपं दफ्तर में उपस्थित होकर जवाब मांगा है। सीईओ के इस कार्रवाई से पंचायतों में हड़कंप मच गया है।

प्राक्कलन के अनुसार नहीं हुआ कार्य, कई खामिया मिली

जांच में पाया कि चेक डैम के निर्माण के लिए नीव की खुदाई कम से कम दो मीटर या हार्ड स्टेटा मिलने तक की जानी चाहिए थी, किंतु मौके पर निरीक्षण के दौरान नीव की खुदाई एक मीटर से कम होना पाया गया। चेक डैम ग्रेवटी डैम का एक प्रकार है, जो अपने खुद के वजन से पानी के दबाव को रोकता है, जिसमें टेम्प्रेचर स्टील नॉमीनल रेनफोर्समेंट देना आवश्यक होता है, लेकिन मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इनके द्वारा किसी भी प्रकार का स्टील रेनफोर्समेंट उपयोग नही किया गया। चेक डैम के डाउन स्टीम साइड स्लोप कम से कम 1:1 के मान में निर्मित होना चाहिए, किंतु मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि डाउन स्टीम स्लोप का निर्माण उक्त मानक अनुसार नही किया गया है। जनपद सीईओ के अवलोकन में प्रथम दृष्टिया निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत कठदहा के पंचायत पदाधिकारियों के द्वारा लापरवाही एवं अनियमितता कारी करना पाया गया है।

हरित शहर बनाना हमारा संकल्प : रामनिवास

सिंगरौली में अमृत हरित महाअभियान 2.0 का शंखनाद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जुलाई। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को एक सशक्त जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से आज नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा अमृत हरित महाअभियान का शंखनाद किया गया।

गनियारी मुक्तिधाम परिसर में आयोजित इस वृहद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महाअभियान के प्रथम दिवस गनियारी मुक्तिधाम में आम जनमानस, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं एवं महिलाओं की अभूतपूर्व भागीदारी से 1,500 पौधों का रोपण किया गया। इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में कुल 1 लाख 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सिंगरौली को स्वच्छ, हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए इस महाअभियान में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। महापौर रानी अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम का यह प्रयास सिंगरौली की फिजा को बदलने का कार्य करेगा। हमारा संकल्प केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि जन-जन के सहयोग से शहर के प्रत्येक क्षेत्र को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाना है। वहीं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने कहा कि हम सभी पर्यावरण संरक्षण के इस पावन कार्य के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध हैं। इधर कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव बैनल एवं ननि आयुक्त ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक में जिला अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

एक नजर में

एन फ्रैंकलिन जयकुमार एनसीएल के नए सीएमडी होंगे

सिंगरौली। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक तकनीकी-ऑपरेशन एन फ्रैंकलिन जयकुमार को 8 जुलाई को लोक उद्यम चयन बोर्ड द्वारा एनसीएल के अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक सीएमडी पद के लिए अनुशंसित किया गया है। इस उपलब्धि पर एसईसीएल परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल नेतृत्व की कामना की है। एन फ्रैंकलिन जयकुमार खनन क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ हैं और उन्हें कोयला एवं लिग्नाइट खनन में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। श्री जयकुमार ने अन्ना विश्वविद्यालय चेन्नई के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गिंडी से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है।

एसपी ने पुलिस महकमे में किया फेरबदल

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के पुलिस अधिकारियों के कार्यों में फेरबदल करते हुए निरीक्षक एवं उप निरीक्षक स्तर के कुल 9 अधिकारियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक लागू रहेगा। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक अनिल पटेल को थाना प्रभारी नवानगर से बरगवां, राकेश साहू को सरई से नवानगर तथा प्रहलाद सिंह मरस्कोले को पुलिस लाइन से थाना प्रभारी सरई बनाया गया है। वहीं उप निरीक्षक नीरज सिंह चौहान को संशोधित आदेश के तहत थाना प्रभारी के स्थान पर चौकी प्रभारी निगरी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उप निरीक्षक संदीप नामदेव को सासन से बंधौरा, नृपेन्द्र सिंह को बरका से निवास, शिवम सिंह को बैढ़न से गोभा, बीएल बंसल को बंधौरा से सासन तथा विनय प्रकाश शुक्ला को निगरी से थाना बैढ़न भेजा गया है।

जहरीले सर्प के काटने से बुजुर्ग महिला की मौत

सिंगरौली। जिले के बरगवां थाना क्षेत्र में सर्पदंश से एक वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनिहारी निवासी संतोष कुमार बैगा ने सूचना दी कि उसकी दादी फुलमती बैगा उम्र 80 पत्नी हीरामन बैगा ने 8 जुलाई की रात भोजन करने के बाद घर में सोते समय दाहिने हाथ की अंगुली में जहरीले सर्प के काटने की बात बताई। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल बैढ़न लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज शुरू किया गया। बताया गया कि उपचार के दौरान 8 जुलाई की रात करीब 9:30 बजे वृद्धा ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर बरगवां पुलिस ने मर्ग क्रमांक 073/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा सर्पदंश से मौत के कारणों की पुष्टि के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

इलाज के अभाव में महिला की मौत, परिजनों का आरोप

सिंगरौली। खनुआखास निवासी एक 45 वर्षीय महिला बुखार से पीड़ित थी, जिसका इलाज पिछले चार दिनों से जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में चल रहा था कि आज गुरूवार की शाम उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खनुआखास निवासी केशकली पनिका पति संतोष पनिका उम्र 45 वर्ष बुखार एवं बीमारी से पीड़ित थी। परिजनों का आरोप है कि चार दिन तक भर्ती थी। दवा के नाम पर सिर्फ एक इंजेक्शन लग रहा था। समुचित इलाज एवं देखभाल नही किया जा रहा था। जिसके कारण महिला केशकली की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप में जिला अस्पताल प्रबंधन पर लगाते हुये कहा कि यहां के चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स किसी की भी सुनते नही हैं।

बेलवार की बेटियां बनीं फायर फाइटर

अदाणी फाउंडेशन की पहल लाई नई उड़ान

नवभारत न्यूज

सरई 9 जुलाई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के तहत अदाणी फाउंडेशन ने ग्राम बेलवार की दो प्रतिभाशाली बेटियों आरती शाह एवं पूनम शाह को छ: माह का सर्टिफिकेट कोर्स इन फायर इंजीनियरिंग सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद सुलियरी खदान की फायर एंड इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम में शामिल होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया।

यह उपलब्धि न केवल दोनों युवतियों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। अदाणी फाउंडेशन ने धिरौली परियोजना के परिधीय ग्राम बेलवार की आरती शाह एवं पूनम शाह का चयन कर उनके अभिभावकों की सहमति से नागपुर स्थित भारतीय अग्निशमन संस्थान में छ: माह का फायर फाइटिंग प्रशिक्षण दिलवाया। ग्रामीण क्षेत्रों की बालिकाओं को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ने की यह पहल महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य स्थानीय युवतियों को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि देवसर एसडीपीओ डॉ. गायत्री तिवारी ने दोनों युवतियों को बधाई देते हुए कहा स्थानीय बेटियों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की यह पहल अत्यंत सराहनीय है।

बैठक में गैरहाजिर कर्मचारियों को सेवा समाप्ति नोटिस

जिला पंचायत सीईओ ने मासिक समीक्षा बैठक में योजनाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

नवभारत न्यूज

चितरंगी 9 जुलाई। जनपद पंचायत चितरंगी के सामुदायिक भवन में ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों, सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं सीईओ जगदीश गोमे उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनकी धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित गति नहीं होने से शासन की मंशा प्रभावित हो रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, धरती आबा योजना, जनमन आवास योजना, ओडीएफ प्लस सत्यापन तथा नल-जल योजना के संधारण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को भवनों के मरम्मत कार्य का अधिकार प्राप्त है, इसलिए जो भी भवन सुधार योग्य हैं, उनकी मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। सीईओ ने पीएम आवास योजना की लक्ष्य अनुरूप प्रगति न होने पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि विशेष प्रयास कर जुलाई माह के अंत तक कम से कम 40 प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित की जाए।

खुरमुचा में सर्प दंश से बालक की मौत

सिंगरौली 9 जुलाई (एनबीएन)। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम खुरमुचा निवासी एक 10 वर्षीय बालक को गुरूवार की सुबह घर के द्वार पर जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर साकेत का 10 वर्षीय पुत्र श्रीमांजल गुरूवार की अल सुबह पेशाब करने बाहर निकला, तभी द्वार पर एक जहरीले सर्प ने काट लिया। झाड़फूंक के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुये पीएम कराकर जांच शुरू कर दी है।

शहीद स्मृति स्मारक पर श्रमिकों को दी गई श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जुलाई। औद्योगिक क्षेत्र बलियरी में 5 जुलाई 2009 को हुए भीषण विस्फोट हादसे में शहीद हुए 22 श्रमिकों की स्मृति में गुरुवार को गनियारी प्लाजा के समीप स्थित शहीद स्मृति स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी सहित विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने शहीद श्रमिकों के स्मारक पर पुष्पचक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर विधायक रामनिवास शाह ने कहा कि बलियरी विस्फोट जिले के इतिहास की अत्यंत दुखद घटना है, जिसे आज भी लोग भूला नहीं पाए हैं।

साथ ही महापौर रानी अग्रवाल एवं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला अधिकारी मौजूद रहे।

सासन पावर के 105 कर्मियों ने किया रक्तदान

सिंगरौली 9 जुलाई (एनबीएन)। रिलायंस कम्पनी के संस्थापक स्व. धीरूभाई अम्बानी के पुण्यतिथि पर सासन पावर लिमिटेड सीएसआर विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान एवं जागरूकता अभियान का शुभारंभ सीईओ सचिन मोहापात्रा तथा स्टेशन डायरेक्टर प्रसून चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सासन प्लांट में आयोजित कैम्प में कुल 63 यूनिट रक्तदान एवं परियोजना के मुहेर एण्ड मुहेर अमलोरी कोयला खदान में कुल 42 यूनिट रक्तदान किया गया। दो दिवसीय रक्तदान शिविर में कुल 105 यूनिट रक्तदान रेडक्रॉस सोसाइटी को किया गया।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय में करें निराकरण : सविता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जुलाई। ननि आयुक्त सविता प्रधान ने निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देशित किया।

बैठक में आयुक्त ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में करें। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की जियो टैगिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में वर्षाकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर की सड़कों पर कहीं भी निर्माण सामग्री अथवा अन्य अपशिष्ट पड़ा हो, तो उसे तत्काल हटाया जाए, जिससे यातायात बाधित न हो तथा नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में सहायक आयुक्त ज्योति सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी, सहायक यंत्री प्रवीण गोस्वामी सहित समस्त उपयंत्री मौजूद रहे।

एक्यूप्रेशर एवं सुजोक चिकित्सा शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

अनपरा 9 जुलाई। हिंडालको रेनुसागर के तत्वाधान में कर्मचारियों, उनके परिजनों के स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से प्राकृतिक, एक्यूप्रेशर एवं सुजोक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हिंडालको रेनुसागर के पैराडाइज प्रेक्षागृह में आयोजित प्राकृतिक, एक्यूप्रेशर एवं सुजोक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हिंडालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह, मानव संसाधन विभाग के हेड आशीष पांडेय, रेनुसागर चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकुल बृंदा एवं डॉ. गुलाबराम एमडी एक्यूप्रेशर सुजोक विशेषज्ञ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

खम्हरिया में विधायक ने लगाई जन चौपाल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जुलाई। ग्राम पंचायत खम्हरिया के विश्वकर्मा चौराहा पर आयोजित जन चौपाल में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राजस्व तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान कर विकास कार्यों को गति देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जन चौपाल के दौरान विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र के समग्र विकास को नई दिशा मिलेगी।

30 महिलाओं को वितरित की गई सिलाई मशीने

सिंगरौली 9 जुलाई (एनबीएन)। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन, बंधौरा द्वारा जीर पंचायत की 30 महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। जिला कलेक्टर गौरव बैनल एवं जिपं सीईओ जगदीश गोमे ने लाभार्थी महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान कीं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें स्थायी आजीविका एवं उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराना है।

स्टेचर एवं व्हील चेयर की समस्या से जूझ रहा जिला चिकित्सालय

स्टेचर के अभाव में घंटे भर तड़पता रहा घायल युवक, समस्याओं से घिरा हुआ है जिला चिकित्सालय

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 जुलाई। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। आलम यह है कि यहां इन दिनों स्टेचर एवं व्हील चेयर पर्याप्त मात्रा में न होने से मरीजो की फजीहत हो रही है।

गौरतलब है कि जिले में डीएमएफ के करीब एक हजार रूपये सलाना का बजट है। लेकिन अभी तक डीएमएफ फंड का उपयोग कहां हुआ, यह बात किसी से भी छुपी नही है। जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर को आधुनिक संसाधनयुक्त बनाने का दावा नेताओं एवं अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, लेकिन यह दावा केवल कागजो तक सीमित है। जीता जागता उदाहरण स्टेचर एवं व्हील चेयर का है। जहां मरीज स्टेचर के अभाव में आधा से लेकर एक घंटे तक इंतजार करते रहते हैं। सिविल सर्जन ने भी माना है कि उक्त समस्या है, समाधान किये जाने का प्रयास जारी है। इधर स्टेचर जैसे छोटे-मोटे सामग्रियां जब नही हैं तो इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला प्रशासन एवं भाजपा सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कितना संवेदनशील है। फिलहाल इन्ही सब कारणों से मरीज जिला चिकित्सालय की ओर न आकर प्राइवेट एवं क्लिनिक एवं नर्सिंग होम का शरण लेने को मजबूर हो रहे हैं।

इनका कहना :-

कई महीनो से स्टेचर आया नही है, मांग पत्र भेजा गया है, पुराने जो टूटे-फुटे हैं, उनका मरम्मत कराने के लिए दिया गया है। हर वार्डो में एक स्टेचर एवं एक व्हील चेयर है।

डॉ. कल्पना रवि
सिविल सर्जन
जिला चिकित्सालय, बैढ़न